हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 23 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

4
बड़े भंडार में मिला प्राचीन तालपत्र पांडुलिपियों का दुर्लभ संग्रह



## खबर संक्षेप

### आज बड़ाकरौंजा में लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** 23 मई को जशपुर जनपद के ग्राम बड़ाकरौंजा में शिविर लगाए जाएंगे। इस शिविर में बड़ाकरौंजा, नीमगांव, राताමාटी, पैकू, पीड़ी, बघिमा, गलौण्डा, टेकूल, तुरीलोदाम, झरगांव, गिरांग, घोलेंग, देवीडड़गांव, जशपुर और जुरगुम के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान हो सके।

### परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर द्वारा कुल 8 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील तपकरा के ग्राम झरन निवासी बसंत राम विश्वकर्मा की आकाशीय बिजली से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती मुनिका बाई विश्वकर्मा को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार तहसील कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पकरीकछार निवासी धनेश राम की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी पार्वती बाई को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

### ग्रामवासियों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**जशपुरनगर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार ष्जन भागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान के तहत जशपुर विकास  खंड के ग्राम बाला छापर मनोर विकास खंड के ग्राम करदना, टांगरडीह, पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम,राजाआमा , कुकुरभूखा, बगीचा विकास खंड के ग्राम छिछली अ,और दुलदुला विकास खंड के ग्राम मयूरचुंदी आदि अन्य गांवों में शिविर लगाया गया। जिसमें विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का राशनकार्ड बनाकर दिया गया लोगों का पेंशन स्वीकृत आदेश दिया गया। अधिकारियों द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और ग्रामवासियों को केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया।

## 460 आवेदन लेकर पहुंचे लोग, मौके पर ही बांटे गए राशन कार्ड

# कलीबा के सुशासन शिविर में उमड़ा ग्रामीणों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा सुशासन तिहार अब गांवों में लोगों के लिए राहत और भरोसे का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। कुनकुरी विकासखंड के कलीबा पंचायत में आयोजित सुशासन शिविर में गुरुवार को सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 17 पंचायतों से पहुंचे ग्रामीण अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर शिविर में पहुंचे, जहां उन्हें एक ही जगह पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में लोगों ने जमीन, राशन कार्ड, बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, कृषि, पशुपालन और अन्य समस्याओं को लेकर आवेदन दिए।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय शामिल हुईं, जबकि भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का मकसद अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कालाबाजारी रोकने के लिए भी अधिकारियों को सतर्क रहने की अपील की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को सरकार ने बहुत कम समय में धरातल पर उतारा है। महतारी वंदन योजना, कृषि उन्नति योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सीधे गांवों तक पहुंच रहा है।

**20 मेधावी विद्यार्थि सम्मानित:** शिविर के दौरान कई हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ भी वितरित किए गए। जिसमे शिक्षा विभाग द्वारा 20 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उद्यान विभाग ने 20 फलदार पौधों का वितरण किया, जबकि 5 लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र दिए गए।14 हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन, पशु विभाग द्वारा 45 नग चूजों का वितरण किया गया। कृषि विभाग ने 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए। राजस्व विभाग द्वारा 10 ऋण पुस्तिकाएं और खाद्य विभाग द्वारा 10 राशन कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

**साहब 10 लीटर में कैसे चलेगा जेसीबी-ट्रैक्टर?:** पेट्रोल-डीजल संकट के बीच गुरुवार को आयोजित सुशासन तिहार शिविर में एक ऐसा आवेदन पहुंचा, जिसने वहां मौजूद अधिकारियों से लेकर ग्रामीणों तक सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कलीबा निवासी मनोज कुमार यादव ने आवेदन में लिखा कि मानसून आने से पहले किसानों के खेतों में तेजी से काम करना पड़ता है। ऐसे समय में डीजल की कमी होने से जेसीबी और ट्रैक्टर खड़े हो रहे हैं। इससे न सिर्फ उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है, बल्कि किसानों के खेतों की तैयारी का काम भी अटक रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि कृषि और रोजगार को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतिदिन कम से कम 70 लीटर डीजल उपलब्ध कराया जाए।

### समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए

शिविर में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी पहुंचे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी और आवेदन प्रक्रिया समझाई।

### 460 मांग और शिकायत संबंधी आवेदन

इस शिविर में कुल 460 मांग और शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पंचायत विभाग में सबसे ज्यादा 191 आवेदन आए। इसके अलावा राजस्व विभाग में 78, पीएचई में 52, विद्युत विभाग में 30, पशु विभाग में 30, खाद्य विभाग में 25, क्रेडा में 20, कृषि विभाग में 11, महिला एवं बाल विकास विभाग में 7, कौशल विकास विभाग में 5, लोक निर्माण विभाग में 4, मत्स्य विभाग में 4, वन विभाग में 3, चिकित्सा विभाग में 3, पर्यटन विभाग में 2, परिवहन विभाग में 2, जल संसाधन विभाग में 1, शिक्षा विभाग में 1 और पुलिस विभाग में 1 आवेदन प्राप्त हुए।

# हिट एंड रन की घटना में एक की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नाराज ग्रामीणों ने एनएच पर किया चक्का जाम

जिले में देर रात एक दर्दनाक हिट एंड रन की घटना सामने आई है। तेज रफ्तार और बेकाबू मिनी ट्रक ने सड़क किनारे मौजूद वाहनों को टक्कर करते हुए कई राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मिनी ट्रक जशपुर से सब्जियां लोड कर पश्चिम बंगाल की ओर जा रही थी।

इसी दौरान लोदाम थाना क्षेत्र के एनएच -43 मुख्य मार्ग पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कई लोगों व वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग -43 पर चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण नहीं होने से लगातार हादसे हो रहे हैं।

### चालक फरार, खलासी गिरफ्तार

घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि खलासी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# 13 हाथियों ने ग्राम चकेरी में रौंद दी 4 किसानों की फसल

**अम्बिकापुर।** मैनपाट क्षेत्र में लम्बे समय से तबाही मचा रहे 13 हाथियों का दल पिछले एक पखवाड़े से वनपरिक्षेत्र उदयपुर में भ्रमण कर रहा है। बीती रात हाथियों ने ग्राम चकेरी में चार किसानों ग्रीष्मकालीन धान की फसल को रौंद कर तबाह कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का दल 19 मई को सरमा बीट में पहुंचा था। इस दौरान भोजन की तलाश में हाथी चकेरी बस्ती के निकट पहुंच गए। किसानों ने गांव के नदी-नालों में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की है। हाथियों ने चार किसानों की धान की फसल को रौंद दिया। वन अमला नियमित हाथियों की निगरानी कर रहा है। धौरपुर। तीन महीने तक राहत देने के बाद क्षेत्र में लम्बे समय से अकेले भ्रमण कर रहा दंतैल चार दिनों पूर्व वापस कोतरी नाला जंगल में लौट आया है तथा लगातार ग्रीष्मकालीन मक्के एवं सब्जियों की फसल तबाह कर रहा है।

# शहर के तीनों मार्ग पर गाड़ियों का लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव





शहर के बस स्टैंड से तीनों मार्ग में गाड़ियों का लंबा लम्बा जाम लग रहा है। बस स्टैंड में स्थित पेट्रोल पंप में गाड़ियों के पेट्रोल डीजल डलवाने गाड़ियों की लाइन लग रही है। सड़क छोटी और व्यस्ततम होने के कारण तीनों मार्गो में गाड़ियों की लाइन देखी जा रही है जिस तरह से गाड़ियों की लाइन लगी है उससे लगता नहीं है कि जल्द ही जाम खत्म हो पाएगा।

- पेट्रोल डीजल लेने ट्रैक्टर और अन्य गाड़ी लगे लाइन में

सड़क पर जाम की स्थिति में शहर से कहीं आने जाने में कार या अन्य गाड़ियां जल्दी नहीं निकल सकती। ट्रैफिक पुलिस के सिपाही अपने स्तर में गाड़ियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। जिस तरह से शुक्रवार शाम को शहर में गाड़ियों का लंबा जाम देखा गया उसे देखने से समझ में आया कि सड़क और बाईपास शहर के लिए कितना महत्वपूर्ण है। बता दें कि शहर के बीचों बीच से ही होकर जाना पड़ेगा। बाहर से किसी तरह का बाई पास सड़क की सुविधा नहीं है। अगर कोई बाईपास सड़क होती तो स्थिति इतनी भयावह नहीं होती।

# लोगों को दी गई सिकल सेल की जानकारी



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के सहयोग से संगवारी संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में सिकल सेल ओपीडी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला अस्पताल से योग चिकित्सक डॉ कृपाचार्य यादव, संगवारी संस्था से सहायक जिला समन्वयक विक्रम प्रामाणिक, स्टाफ नर्स रीतू मंडल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला से बीएमओ (प्रभार) डॉ अंजली निराला एवं सिकल सेल नोडल डॉ दीपिका उपस्थित रहे। बैठक में 22 मरीज एवं परिजनों सहित कुल 40 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों द्वारा बढ़ती गर्मी में स्वास्थ्य की देखभाल, उचित खानपान एवं संतुलित दिनचर्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं योग चिकित्सक द्वारा अनुलोमदृविलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं तिर्यक ताड़ासन जैसे योगाभ्यास कराए गए तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सिकल सेल से बचाव एवं जागरूकता हेतु शादी से पहले सिकल कुंडली मिलान, नियमित जांच एवं समय पर दवा सेवन करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं।

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शासकीय रामभजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में पहली बार ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन 21 से 30 मई तक प्रातः 6 से 9 बजे तक महाविद्यालय के खेल मैदान में किया जा रहा है। कैंप में योगाभ्यास, बास्केटबॉल, हॉकी के विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेन्द्र ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को ग्रीष्मावकाश के दौरान खेल एवं योग से जोड़कर उनके शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास एवं खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करती हैं। कैंप में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार के निर्देशन में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा योग के विभिन्न आसनों एवं खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# शिविर से मिल रहा ग्रामीणों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



सुशासन तिहार के तहत क्लस्टर राजाअमा 18 ग्राम पंचायत के बीच शिविर लगाया गया। शिविर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत की अध्यक्ष घनियारो परहा रहीं। अनेक जनपद सदस्य सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एसडीएम ऋतुराज बिसेन जनपद सीईओ केके श्रीवास तहसीलदार बागबहार जनपद के ग्रामीण विकास अधिकारी धनेश टेंगवार पीओ घनश्याम, हेमत पैकरा, कमलेश्वरी पैकरा सहित सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित थे। सुशासन शिविर में कुल 365 आवेदन प्राप्त हुए। स्थल में ही प्राप्त पेंशन के पात्र 22 लोगों को स्वीकृत किया गया। 18 राशन कार्ड बनाये गये आवास प्रमाण पत्र 6 लोगो को दिया गया। महिला बाल विकास से 2 गोदभराई 2 अन्नप्राशन एवं शिक्षा विभाग से 6 उलास प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए। कृषि विभाग से 4 वर्मी बेड 20 हितग्राहीयो को पौधा वितरण किया गया। सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग की जानकारी को विस्तार से मौजूद अतिथियों और आम जन को दिया। शिविर में सभी 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित हुए। जनपद सीईओ केके श्रीवास ने बताया कि सुशासन शिविर में जिस तरह ग्रामीणों को ज्यादा लाभ मिल रहा है। उससे शिविर में ग्रामीणों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। जिला कलेक्टर एवं जिला सीईओ से मिले निर्देशों के तहत ज्यादातर ग्रामीणों को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को बताकर उनका लाभ ग्राम वासियों को प्रदाय करना है। यही कारण है कि आम ग्राम वासियों को शिविर से लाभ हो रहा है।

## अंतिम चरण में निर्माण कार्य, आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी उपलब्ध

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन मातृत्व एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को फरसाबहार विकासखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार में निर्माणाधीन श्री सत्य साईं मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया।


निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित मरीजों के लिए अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि अस्पताल प्रारंभ होते ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सहज रूप से मिल सकें। चिकित्सालय का निर्माण पूर्ण होने के बाद आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। इसमें नवजात शिशुओं एवं बच्चों के उपचार के साथ-साथ गर्भवती माताओं के लिए भी ऑपरेशन सहित आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएँ विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएँगी। वर्तमान में चिकित्सालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कलेक्टर श्री व्यास ने फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलवां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने एक्स-रे कक्ष, ओपीडी, वैक्सीन सेंटर, लैब तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम श्री ओंकारेश्वर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. एस. जात्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### तपती गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**सेदम।** बतौली नगर में तपती गर्मी के बीच उपभोक्ताओं को बिजली की आंख मिचौली ने परेशान कर दिया है। बिजली की कटौती से लोगों के रोजगार पर ही असर पड़ रहा है।बतौली क्षेत्र में पड़ रही गर्मी से लोग परेशान है ही लेकिन बिजली विभाग के लाख कोशिशों के बावजूद रात और दिन हो रहे बिजली की कटौती उपभोक्ताओं को परेशान कर दिया। जहां बिजली के भरोसे बैठे दुकान संचालकों के रोजगार भी प्रभावित हो रहे है। पूरे बतौली में 42 ग्राम पंचायत है जहां बिजली विभाग द्वारा विद्युत सप्लाई की जा रही है लेकिन तपती गर्मी में जब लोगों को बिजली की आवश्यकता ज्यादा पड़ रही है तो बिजली विभाग बतौली क्षेत्र में बेबस नजर आ रहा है। बिजली के भरोसे बैठे पेट्रोल पंप, राइस मिल, दुकानें, शासकीय कार्यालय के कामकाज के लिए घंटों इंतजार बिजली आने का किया जा रहा है जहां बिजली आ रही है और जा रही है जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत हो रही है। इधर बिजली विभाग विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने पूरा प्रयास कर रही है लेकिन फाल्ट खोजते जोड़ते विभाग का दिन निकल जा रहा है जिससे क्षेत्र में विद्युत कटौती की स्थिति बनी हुई है। बिजली विभाग के कर्मचारी तपती धूप में मरम्मत कर रहे है लेकिन फाल्ट नहीं मिलने से परेशान है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी पहुंचते ही विभाग मेंटनेंस में जुटी हुए है और लोग बिजली को लेकर परेशान है। लोगों ने कलेक्टर से व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है।



### छात्रा राजकुमारी के 96. 50 प्रतिशत अंक लाने पर किया गया सम्मान



**मदनपुर।** ग्राम पाठकपुर में 21 मई को सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी की छात्रा राजकुमारी पैकरा को कक्षा 10 वीं में 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। छात्रा का सम्मान मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मनमथ बाछाड़, जिला पंचायत सदस्य किरण केराम, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। सम्मान समारोह में संस्था के प्राचार्य सत्यम बालाजी, श्रीमती अनिता सिंह, राजेश सोनी व अन्य शिक्षकों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक एक युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम रकेली व तोलगा के बीच मुख्य मार्ग पर खड़े ट्रैक्टर से बाइक सवार टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम देवटिकरा निवासी अनंत कुमार आ. अमृत सिंह (20 वर्ष) 18 मई को अपने दोस्त के साथ बाइक से सामान लेने गए थे। सामान लेने के पश्चात दोनों वापस लौटने लगे और जैसे ही बाइक सवार ग्राम रकेली व तोलगा के बीच पहुंचे तभी सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। परिजन घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अनंत की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां इलाज में देरी होने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## अभियान चलाकर विभाग ने 3 दिन में पकड़े 36 तस्कर

# बलरामपुर वनमण्डल के सीमावर्ती क्षेत्रों में लम्बे समय से चल रही थी तेंदूपत्ता की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले से सटे उत्तरप्रदेश के सरहदी गांवों से बड़े पैमाने पर हो रहे तेंदूपत्ता की तस्करी पर वन अमले ने बड़ी कार्रवाई की है। वनकर्मियों ने तीन दिन में 28 बाइक सवार तस्करों को पकड़ा है तथा तस्करों से 15.5 मानक बोरा तेंदूपत्ता एवं 8 बाइक जब्त किया है। पहली बार हुई विभाग की सख्त कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया।

**खास बात**

- सभी तस्करों की बाइक के साथ 15 .5 मानक बोरा अवैध तेंदूपत्ता जब्त

बलरामपुर वनमण्डल की सीमा झारखण्ड, उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश से जुड़ते है। वन परिक्षेत्र रामानुजगंज झारखण्ड एवं यूपी की सीमा से सटा है वहीं वन परिक्षेत्र धमनी एवं वाड्रफनगर यूपी तथा वनपरिक्षेत्र रघुनाथनगर का इलाका यूपी एवं मध्यप्रदेश से सटा है। इन क्षेत्रों के बड़ी संख्या में युवा सीमावर्ती राज्यों से तेंदूपत्ता की तस्करी करते हैं। युवा शाम ढलते ही बाइक एवं प्लास्टिक बोरा लेकर सीमावर्ती गांवों में पहुंच जाते हैं तथा पड़ोसी राज्यों के संग्राहकों द्वारा संग्रहित तेंदूपत्ता खरीदकर मध्यरात्रि सीमावर्ती फड़ों में पहुंचकर तस्करी का तेंदूपत्ता खपाते है। तेंदूपत्ता खपाने के लिए तस्करों ने बकायदा अपने परिवार के सदस्यों सहित अन्य लोगों के नाम संग्राहक कार्ड भी हासिल कर लिया है तथा फड़मुंशी की मिली भगत से वर्षों से पड़ोसी राज्यों का पत्ता खपाकर मोटी कमाई कर रहे है। पड़ोसी राज्यों से हो रहे तेंदूपत्ता की तस्करी रोकने वन विभाग वर्षों से लगातार कार्रवाई कर रहा है लेकिन विभाग को बड़ी चुनौती तस्करों को पकड़ने में सफलता नहीं मिल रही थी। तेंदूपत्ता की तस्करी रोकने पूर्व में भी विभाग वनमार्गों पर अस्थाई बैरियर लगाकर आने-जाने वाले लोगों की छानबीन करता था लेकिन यदाकदा ही तस्कर पकड़ाते थे। इस बार तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही डीएफओं आलोक वाजपेयी ने सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर तस्करों के गतिविधियों की जानकारी ली तथा सभी संभावित स्थानों पर बैरियर लगाने के साथ ही पूरी रात जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अमले को भी सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए। एक सप्ताह पूर्व सभी फड़ों में तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारंभ होते ही कोचिए सक्रिय हो गए। कोचिए 17 मई को पूर्व की तरह पड़ोसी राज्य यूपी के संग्राहकों का पत्ता खरीदकर रात्रि में बाइक से ला रहे थे। इसकी सूचना पर वन अमले ने नाकेबंदी की तो वनपरिक्षेत्र धमनी में अवैध तेंदूपत्ते के साथ 11 बाइक सवार पकड़े गए। दूसरे दिन वनपरिक्षेत्र रघुनाथ नगर के वनकर्मियों ने अवैध तेंदूपत्ता के साथ 7 बाइक सवारों को पकड़ा। बीती रात्रि 2 बजे वनपरिक्षेत्र धमनी अंतर्गत डिण्डो के डूमरपानी फड़ में 8 बाइक सवार तेंदूपत्ता की गड्डियां सजा रहे थे ताकि बुधवार को खरीदी हो सके। वन अमले ने कोचियों की बाइक व 5000 तेंदूपत्ता की गड्डियां जब्त की है। रात्रि गश्त के दौरान वनकर्मियों ने वन परिक्षेत्र धमनी में अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर को भी पकड़ा है।



तेंन्दूपत्ता के साथ जब्त बाइक व आरोपी।

### जब्त पत्ता 85 हजार का

वन अमले ने वन परिक्षेत्र धमनी एवं रघुनाथ नगर में तीन दिन के भीतर 36 कोचियों से 15.5 मानक बोरा तेंदू पत्ता जब्त किया है। जब्त तेंदूपत्ते की कीमत 85 हजार रूपए से अधिक बताई जा रही है। तस्करों की सक्रियता से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि कोचिए हर साल विभाग को सीमावर्ती राज्यों का तेंदूपत्ता खपाकर लाखों का चूना लगा रहे थे। बताया जा रहा है कि उत्तरप्रदेश में तेंदूपत्ता की खरीदी 3000 रूपए मानक बोरा के दर से हो रही है तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र दूर होने के कारण संग्राहकों को अपने पत्तों को बेचने के लिए लम्बा सफर करना पड़ता है। संग्राहकों की इस मजबूरी का फायदा उठाकर कोचिए औने-पौने दामों पर उनका पूरा पत्ता खरीद लेते हैं तथा मध्यरात्रि फड़ों मे खपाते हैं। पहली बार हुई विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई से कोचियों की चिंता बढ़ गई है।

#### जब्त वाहन होंगे राजसात

विभाग ने कोचियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ तेंदूपत्ता व्यापार विनियम अधिनियम 1984 के तहत कार्रवाई की है सभी कोचियों के विरूद्ध अलग-अलग मामला पंजीबद्ध किया है। उप वन मण्डलाधिकारी पीसी मिश्रा ने बताया कि तस्करों से जब्त सभी मोटरसाइकिलों को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती राज्यों के तेंदूपत्ता की आवक रोकने की दिशा में विभाग की कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी।

#### जारी रहेगी सख्ती

तेंदूपत्ता के अवैध परिवहन एवं विक्रय के विरूद्ध विभाग की कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों के संभावित मार्गों पर 20 अस्थाई बैरियर स्थापित कर कर्मचारी तैनात किए गए हैं। वन अमले को भी सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में नियमित समीक्षा भी की जा रही है।

-आलोक वाजपेयी
डीएफओ, बलरामपुर

# रेवतीपुर में दो साल से नल जल योजना शुरू होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर



विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवतीपुर में जलजीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दो साल पूर्व ही पानी टंकी का निर्माण कर दिया है लेकिन अभी तक पानी टंकी से जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। इधर गांव के हैण्डपंपों से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को भीषण गर्मी में जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

पीएचई द्वारा जलजीवन मिशन के तहत ठेकेदार के माध्यम से गांव की गलियों में पाइप लाइन विस्तार के साथ ही पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। ठेकेदार ने वर्ष 2024-25 में ही निर्माण पूरा कर दिया है। टंकी बनने के बाद से ही ग्रामीण इसके चालू होने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में दो हैण्डपंप स्थापित किए है। गर्मी बढ़ने के बाद हैण्डपंप से पानी निकलने की रफ्तार कम हो गई है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टंकी चालू नहीं होने के पीछे अब तक गांव में पानी का स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने को कारण बताया जा रहा है। पूर्व सरपंच महेन्द्र सिंह ने बताया कि ठेकेदार द्वारा योजनान्तर्गत दो स्थानों पर ट्यूबवेल खनन कराया गया लेकिन कही भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो सका इसके बाद ठेकेदार द्वारा पानी की उपलब्धता के लिए कोई पहल नहीं की गई। विभाग की योजना के तहत घर-घर पानी उपलब्ध कराने की कोई पहल नहीं कर रहा है।

# 176 कोल कर्मचारियों के ऑल्टरनेट जॉब की सूची जारी

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। कंपनी के एपेक्स मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर मुहर लगाते हुए प्रबंधन ने विभिन्न क्षेत्रों के 176 कर्मचारियों को स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर ऑल्टरनेट जॉब यानी सतही कार्यों में पदस्थ करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से विशेष रूप से भूमिगत खदानों और कठिन कार्यों में लगे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

9 मई से 13 मई तक बिलासपुर स्थित आईवीएचसी में आयोजित एपेक्स मेडिकल बोर्ड की बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए थे। इसके बाद 19 मई को आयोजित 374 वीं कमेटी ऑफ फंक्शनल डायरेकर्स की बैठक में मेडिकल बोर्ड की अनुशंसाओं को मंजूरी दी गई। मेडिकल बोर्ड ने स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए 63 कर्मचारियों को एक वर्ष के लिए, 3 कर्मचारियों को डेढ़ वर्ष के लिए, 8 कर्मचारियों को दो वर्ष के लिए तथा 102 कर्मचारियों को स्थायी रूप से सतही कार्य देने की अनुशंसा की है। साथ ही यह भी तय किया गया कि संबंधित कर्मचारियों को उनकी शारीरिक स्थिति के अनुरूप हल्के कार्यों में लगाया जाएगा, ताकि उनकी सेहत पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत कई कर्मचारियों को भी इस निर्णय का लाभ मिला है। इनमें बलरामपुर, कुमदा, रेहर और गायत्री खदानों के कर्मचारी शामिल हैं। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार बलरामपुर खदान में कार्यरत हैमरमैन कैट-3 श्रीराम को स्थायी रूप से सतही कार्य के लिए उपयुक्त माना गया है। उन्हें वर्कशॉप में पदस्थ करने की अनुशंसा की गई है। वहीं कुमदा 7/8 माइंस में कार्यरत मैकेनिकल फिटर कैट-4 रामप्रसाद को एक वर्ष के लिए सतही कार्य एवं पुनः स्वास्थ्य समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार बलरामपुर खदान के कन्वेयर बेल्ट ऑपरेटर गोपाल सिंह को स्थायी सतही कार्य के लिए चयनित कर स्टोर या वर्कशॉप में तैनाती की अनुशंसा की गई है। ड्रिलर कैट-5 शिवलाल को डिस्पेंसरी में कार्य देने की बात कही गई है। गायत्री माइंस में कार्यरत पावर सपोर्ट ऑपरेटर कैट-6 बलेश्वर को अस्पताल, डिस्पेंसरी अथवा मैनेजर कार्यालय में पदस्थ करने की अनुशंसा की गई है। वहीं रेहर अंडरग्राउंड माइंस के कर्मचारियों क्रमशः भागु, हसत और धन्नूराम को भी स्थायी रूप से सतही कार्य देने की मंजूरी मिली है। ज्ञात हो कि कोयला खदानों में लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों को धूल, भारी मशीनों और कठिन कार्य परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वास्थ्य बिगड़ने की स्थिति में उन्हें अपेक्षाकृत सुरक्षित और हल्के कार्यों में स्थानांतरित करना कंपनी की महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों की स्वास्थ्य स्थिति को प्राथमिकता देते हुए उन्हें कार्यालय, डिस्पेंसरी, अस्पताल, स्टोर, प्रशिक्षण केंद्र और मैनेजर कार्यालय जैसे स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इससे कर्मचारियों को राहत मिलने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता भी बनी रहेगी।

# हितग्राहियों को सौंपी गई प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी

हरिभूमि न्यूज : जशपुरनगर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सुशासन तिहार अभियान का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस ग्राम पंचायत रेमनें के ग्राम गेड़ई में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला स्तरीय अधिकारियों ने 15 ग्राम पंचायतों के आस पास के ग्रामवासियों को विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इस सुशासन तिहार शिविर में कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रघुनाथ राम तहसीलदार मनोरा नीतू भगत कृषि विभाग अधिकारी गोविंद राम चौहान मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोशन बरियार एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शिविर में प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी दिया गया राजस्व विभाग के द्वारा बी -1 प्रदाय किया गया कृषि विभाग के द्वारा केसीसी प्रदाय किया गया वन विभाग के द्वारा पौधे प्रदाय किया उद्यान विभाग के द्वारा फलदार पौधे प्रदाय किया गया शिक्षा विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ बोर्ड में उत्तीर्ण बच्चे और बच्चियों को प्रोत्साहन के स्वरूप में पुरस्कार प्रदाय किया गया और स्कूल के छोटे बच्चों को जाति निवास भी प्रदाय किया गया खाद्य विभाग के द्वारा नए राशन कार्ड प्रदाय किया गया। शिविर में हितग्राहियों को किसान किताब,राशन कार्ड, बी 1 वितरण किया गया।

# पुण्यतिथि पर यूएस बाबा को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि





**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग में सहकारिता के पितृ पुरुष स्व. राजा उमेश्वर शरण सिंह देव की सातवीं पुण्यतिथि पर भा व भी नी श्रद्धांजलि दी गई। सरगवां पैलेस में स्व. यूएस बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा सरगुजा व किसानों के हित में किए गए कार्यों को याद किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत और पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े भी सभा में शामिल हुए और स्व. यूएस बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में यूएस बाबा के पुत्र एवं कांग्रेस नेता विन्ध्येश्वर शरण सिंहदेव ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कृषि व सहकारिता को नई ऊंचाइयां दी। वे अपने जीवन काल में सरगुजा की जनता के लिए लगातार काम करते रहे और अब हमें भी उनके बताए मार्गों पर चलकर समाज के लिए काम करना है। वहीं श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंचे जनप्रतिनिधियों व लोगों ने स्व. यूएस बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने स्मरण साझा किए। यूएस बाबा की पहचान सरगुजा में कृषि व सहकारिता के क्षेत्र में है। उन्होंने सहकारिता के माध्यम से कृषि कार्य को नई दिशा देने का काम किया और आज इसका लाभ सरगुजा के किसानों को मिल रहा है।

- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया याद

#### कांग्रेस कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व उमेश्वर शरण सिंहदेव को उनकी पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आज ही के दिन 2019 में 78 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ था। सरगुजा संभाग में उन्हें सहकारिता का पितामह भी कहा जाता था। सहकारिता क्षेत्र में उनके योगदान पर इफको के द्वारा उन्हें अपने सर्वोच्च पुरस्कार सहकारिता बंधु से भी नवाजा था।

### कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 35 वी पुण्यतिथि पर उन्हें राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि मुंबई में हुए कांग्रेस के शताब्दी वर्ष अधिवेशन में राजीव गांधी ने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पदयात्रा का आव्हान किया था जिसपर कांग्रेस सेवादल ने पूरे देश मे पदयात्रा कर कांग्रेस को मजबूती दी थी। आज हमारे वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इसी प्रेरणा को आगे बढ़ा रहे हैं और इसके साथ कांग्रेस देश की सत्ता पर बैठे अमेरिका परस्त सरकार से देश को मुक्ति दिलाएगी। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि राजीव गांधी जी ने राजनीतिक विकेंद्रीकरण की दिशा में कार्य करते हुए देश में पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव की नींव रखी थी। उनकी दूरदर्शी नीतियों का नतीजा स्थानीय निर्वाचन में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण था जिसकी बदौलत आज इस देश मे मातृशक्ति एक बड़ी राजनीतिक शक्ति बन गई है। सभा को सत्येन्द्र तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, सतीश बारी, नीतीश चौरसिया ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार ने किया। इस दौरान हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, संजय सिंह, एपी सांडिल्य, मो. हसन, बालकेश्वर तिर्की, लुकस एक्का, आलोक सिंह, प्रमोद चौधरी, नरेंद्र विश्वकर्मा, ईश्वर सोनी, गुरूप्रीत सिद्धू, रजनीश सिंह, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, अमित सिंह, शुभम जायसवाल आदि मौजूद थे।



# शफी के दौरे के बाद बैजनाथपुर ब जलाशय गहरीकरण को लेकर सियासी हलचल तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

बैजनाथपुर ब जलाशय के गहरीकरण को लेकर काफी दिनों से ग्रामीणों एवं जल संसाधन के बीच खिंच तान चल रही है। लगभग 15 दिनों से ग्रामीणों द्वारा काम रोक दिया है जिस पर विभागीय अधिकारी काम चालू कराने को लेकर काम रोकने वालों के ऊपर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का दबाव बनाते हुए पुलिस कार्रवाई की भी धमकी दे रहे है। ग्रामीण अपनी बातों पर डटे हुए हैं , ग्रामीणों का साफ कहना है कि अधिकारी आफिस में बैठकर गलत प्राक्कलन तैयार किए है। इस प्राक्कलन से बांध का गहरीकरण हो ही नहीं सकता, न ग्रामीणों को किसी प्रकार का लाभ मिलेगा, एसईसीएल द्वारा ओसीएम खुदाई किया गया जिसका मलवा 55 एकड़ के बांध को पूरी तरह से पाट दिया गया है। जब बांध में पानी ही नहीं रहेगा तो दो करोड़ का नहर बनाने से क्या फायदा, जलाशय का अस्तित्व खत्म हो रहा है।

इन सब बातों की जानकारी कांग्रेसी नेता शफी अहमद को हुई तो वे दौरे पर आए, उनके आने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां अचानक बढ़ गई है, इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। कांग्रेसी नेता सफी अहमद में सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि सरकार के गलत नीतियों के कारण प्रशासन और जनता के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो रही है, बांध को देखने के बाद जो स्थिति दिख रही है बिना गहरी करण के पानी का स्टोरेज बनेगा ही नहीं। यह जलाशय से तीन चार गांव के लोग खेती करते थे, खेती न कर पाने की वजह से आज उनके साथ जीवन यापन में संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। हम ग्रामीणों के साथ है और समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष पद पर अब त्रिकोणीय मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अध्यक्ष पार्षद के कुल दस उम्मीदवारों ने लिया नाम वापस

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के पहले चुनाव में गुरुवार 21 मई को नाम वापसी के अंतिम समय तक अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवार सहित पार्षद पद के लिए कुल आठ उम्मीदवारों ने नाम वापस लेकर चुनावी रण से खुद को बाहर कर लिया है।अध्यक्ष पद पर अब तीन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है जिसमें भाजपा से रितेश जायसवाल,कांग्रेस से संजय सोनी आम आदमी पार्टी से सतपाल साहू के नाम शामिल हैं।नाम वापसी के बाद अब अध्यक्ष पद हेतु तीन व पार्षद पद हेतु 52 उम्मीदवार मैदान में हैं।नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है।

नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही रिटर्निंग अधिकारी द्वारा चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिया गया है।इसके साथ ही शिवनंदनपुर नगर पंचायत का चुनाव पूरी तरह प्रचार और जनसंपर्क के दौर में प्रवेश कर गया है। नगर पंचायत गठन के बाद पहली बार हो रहे इस चुनाव को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर चौक-चौराहों तक चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव में भी बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल करने वाले रामलाल सोनी और प्रभात जायसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया जिससे कांग्रेस को बड़ी राहत मिली है। इसी तरह पार्षद पद के कई वार्डों में भी समीकरण बदले हैं। वार्ड क्रमांक 1 से संतोष गुप्ता, वार्ड 6 से मंगल सिंह एवं सीमन सिंह, वार्ड 11 से शुभम जायसवाल, वार्ड 13 से सूरज कुमार साव तथा वार्ड 15 से रिशी खत्री ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापसी के बाद कई वार्डों में मुकाबला सीधा हो गया है, जबकि कुछ वार्डों में अब भी बहुकोणीय संघर्ष बना हुआ है। गुरूवार को चुनाव चिन्ह आबंटन के साथ ही प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। समर्थकों की टोली घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुट गई है। नगर पंचायत शिवनंदनपुर के पहले चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा मतदाता जहां विकास और मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, वहीं बुजुर्ग मतदाता स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक समीकरणों को लेकर अपनी राय बना रहे हैं। आने वाले दिनों में यहां का चुनावी माहौल और भी जोर पकड़ेगा। पिछले दिनो प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल यहां भाजपा के पक्ष में कई वार्डो में जनसंपर्क किया, जबकि महिला बाल विकास मंत्री लगातार यहां डेरा डाली हुई है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के गृह मंडल शिवनंदनपुर का चुनाव उनके लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है।वही चुनावी इतिहास में अब तक कांग्रेस को शिवनंदनपुर से बढ़त मिलती रही है जिसे लेकर कांग्रेस में भी उत्साह व आत्मविश्वास का माहौल है।



# बलंगी के करीं जंगल में 1.80 लाख रूपए का जुआ, दो गिरफ्तार





**वाड्रफनगर।** जंगलों में जुआ का फड़ सज रहा है और लोग लाखों रूपए के हार जीत का दांव लगा रहे है। इस बात का खुलासा पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। छापामार कार्रवाई में पुलिस ने 1.24 लाख रूपए नगदी समेत मोबाइल फोन, बाइक जब्त किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि शेष फरार हो गए।

बता दें कि एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर जुआ खेलने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश के बॉर्डर पर चौकी बलंगी के ग्राम कर्री के जंगल बड़े पैमाने पर लाखों रूपए का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर छापामार कारवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रघुनाथनगर के ग्राम कैसारी निवासी आशीष पांडे व रमेशपुर निवासी गुलाबचंद जायसवाल को ताश पत्ती से जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 1 लाख 24 हजार 500 रूपए नगद, एक मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल सहित 1 लाख 88 का मशरुका जब्त किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



# साइप्रस में शूट होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनेगी इश्का...

**मुंबई।** अंजलि भूषण मागो ने गुरुवार को अपनी फीचर फिल्म 'इश्का' की घोषणा कर दी है। करण जौहर की फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली अंजली भूषण मागो जल्द ही अपनी पहली फिल्म पर काम शुरू करेंगी। 'इश्का' नाम से बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। खास बात यह है कि ये पहली ऐसी फिल्म होगी जो साइप्रस में शूट होगी। इस बारे में फिल्म के मेकर्स और साइप्रस के अधिकारियों ने शेयर की है। फिल्म 'इश्का' की शूटिंग पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने भी खुशी जताई।

## लाइफ Style



# रुचि

## चेहरा छुपाकर उठाई घूंघट प्रथा के खिलाफ आवाज

एक्ट्रेस रुचि गुज्जर ने हाल ही कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और छा गईं। दरअसल, वह राजस्थानी लिबास पहने और घूंघट निकाले रेड कार्पेट पर नजर आईं, जिसने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने सदियों पुरानी घूंघट की प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, जो भारत के कई हिस्सों में अभी भी चली आ रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रुचि गुज्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस घूंघट प्रथा को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया, ताकि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा मिल सके। इंटरनेट की दुनिया में रुचि गुज्जर के इस कदम की खूब तारीफ हो रही है। राजस्थान की रहने वालीं रुचि गुज्जर ने कान फिल्म फेस्टिवल से ग्लोबल इवेंट को फैशन के बजाय अहम सामाजिक मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस्तेमाल किया। इस कारण हर कोई उनका मुरीद हो गया है। लोगों ने उनके निडर स्वभाव और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ की है। हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर रुचि गुज्जर कौन हैं? कान के दौरान बातचीत में रुचि गुज्जर ने कहा, 'घूंघट कभी भी महिलाओं की पहचान नहीं बनना चाहिए। समाज में महिलाओं को समान स्वतंत्रता, सम्मान और अवसर मिलने चाहिए। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लिए हमेशा साहसिक निर्णय लिए हैं, और मुझे उम्मीद है कि जबरन घूंघट प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' रुचि गुज्जर ने यह भी कहा कि उन्होंने घूंघट चुप रहने के लिए नहीं पहना, बल्कि विरोध के रूप में पहना।

## हॉलीवुड मसाला



# ही- मैन एंड... का हिंदी ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'ही-मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज़ होगी। जहां अंग्रेज़ी ट्रेलर ने पहले ही फैंस को इटर्निया की दुनिया की रोमांचक झलक दिखाई थी, वहीं नया हिंदी ट्रेलर कुछ और भी खास लेकर आया है। इसमें खुलासा हुआ है कि जावेद जाफरी एक बार फिर अपनी आवाज से विलन स्केलेटर को जीवंत कर रहे हैं। इस बार उनके साथ उनके बेटे मीजान जाफरी भी जुड़े हैं, जो स्क्रीन पर निकोलस गैलिट्ज़ीन द्वारा निभाए गए ही-मैन को अपनी आवाज दे रहे हैं।



# तीन दशक बाद अलग हुआ बार्बी गर्ल गाना बनाने वाला बैंड एक्वा

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर सांग 'बार्बी गर्ल' को दुनिया भर के फैंस ने काफी प्यार दिया था। इसके साथ ही डेनमार्क के यूरोडांस समूह 'एक्वा' एक ब्रांड के तौर पर उभरा था। मगर अब लाइव बैंड के रूप में काम न करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया के जरिए बैंड ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। डेनमार्क स्थित यूरोडांस समूह 'एक्वा' ने लगभग तीस साल बाद बैंड की समाप्ति की जानकारी फैंस को दे दी है। 1997 में रिलीज हुए गाने 'बार्बी गर्ल' से सफलता पाने वाले यह बैंड दुनियाभर में मशहूर था। 18 मई को इस खबर को प्रशंसकों से साझा करते हुए कहा,'अलविदा कहने का यह सही समय है। जबकि संगीत ,कहानी और एक-दूसरे के प्रति हमारा प्यार बरकरार है। कई शानदार वर्षों के बाद हमने इसके लाइव बैंड के रूप में 'एक्वा' को समाप्त करने का फैसला लिया है।' 'एक्वा' बैंड के सदस्य निस्ट्रॉम, रेने डिफ और सोरेन रास्टेड ने अपनी पोस्ट में फैंस का शुक्रिया कहा।



# मिस यूनिवर्स जीत के 32 साल का जश्न

**मुंबई।** सुष्मिता सेन ने 32 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी खास पल को उन्होंने याद करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। साल 1994 में सिर्फ 18 साल की उम्र में सुष्मिता ने यह इतिहास रचा था। वह मिस यूनिवर्स का ताज पहनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। सुष्मिता ने इस खास तस्वीर के साथ पुरानी यादों को शेयर करते हुए लिखा, 'मैं इस बात के लिए बहुत आभारी हूं कि पिछले 32 साल से मेरे चेहरे पर यह मुस्कान बनी हुई है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। फिलीपींस में बिताया वह समय मुझे हमेशा याद रहेगा। आप सभी को मेरा बहुत प्यार।' 1994 की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में सुष्मिता सेन ने दुनिया भर की 76 सुंदरियों को पीछे छोड़कर यह खिताब जीता था।




# जेल में कैद बॉबी ने लूटा मजमा...

**मुंबई।** बॉबी देओल कॅरियर की दूसरी पारी में लीक से हटकर किरदार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर में बॉबी देओल एक बार फिर से इंटेंस रोल में दिख रहे हैं। ट्रेलर में बॉबी ने मजमा लूट लिया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके किरदार में कई शेड्स नजर आ रहे हैं। फिल्म बंदर के ट्रेलर की शुरुआत बॉबी देओल के किरदार के साथ होती है, जो कम उम्र की लड़कियों को डेट करता है। लेकिन, एक लड़की से मुलाकात उसकी जिंदगी बदल देती है। उसे सलाखों के पीछे धकेल देती है। बॉबी देओल का किरदार खुद को बेगुनाह कहता है, लेकिन कोई उसकी नहीं सुनता है। बंदर के ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप पर आधारित है। बॉबी का किरदार इस वजह से जेल भी जाता है। जेल के बुरे अनुभवों से वो गुजरता है।

## टीवी मसाला



# नए टीवी शोज की वजह से अनुपमा को लगा झटका

**नई दिल्ली।** इन दिनों कई पुराने और नए टीवी शोज दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट और इनकी रेटिंग सामने आ चुकी है। स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' सभी दर्शकों का पसंदीदा टीवी शो रहा है। लेकिन, अब नए शोज ने इन सबसे चर्चित सीरियल्स को पछाड़ दिया है और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन दिनों दर्शकों को पुराने चर्चित शो की जगह नए सीरियल्स ज्यादा पसंद आ रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है टीवी शो-वसुधा। दर्शक वसुधा शो को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि इस शो ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और 'अनुपमा' जैसे सबसे चर्चित शोज को पछाड़ दिया है। 'वसुधा' सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पहले नंबर पर जगह बनाई है। इसे 1.8 टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में भी एक नए शो ने अपनी जगह बनाई है। इस शो का नाम है- 'गंगा माई की बेटियां'। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' को 1.7 की रेटिंग मिली है। इस शो को पिछले हफ्ते भी यही रेटिंग और स्थान मिला था। टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। स्मृति ईरानी का सबसे चर्चित टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 1.6 की रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इसे 1.7 की रेटिंग मिली थी। चौथे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसे भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तरह 1.6 की रेटिंग मिली है। रुपाली गांगुली का सबसे चर्चित टीवी सीरियल शो 'अनुपमा' इस हफ्ते पांचवें नंबर पर है। 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसकी टीआरपी रेटिंग 1.5 है।


## 'तुम मोटी हो, तुम यहां क्यों बैठी हो?'



**नई दिल्ली।** जानी-मानी कोरियोग्राफर और टीवी जज गीता कपूर जल्द ही रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में नजर आने वाली हैं। शो के शुरू होने से पहले गीता कपूर ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग, बॉडी शेमिंग और रियलिटी शोज की स्क्रिप्टिंग को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि टीवी के शुरुआती दिनों में लोगों की बातें उन्हें काफी प्रभावित करती थीं। गीता कपूर ने कहा, 'जब हम पहली बार टीवी पर आए थे, तब सोशल मीडिया इतना बड़ा नहीं था, लेकिन तब भी हेट मेल आते थे। शुरुआत में मुझे बहुत फर्क पड़ता था। लोग कहते थे, 'तुम मोटी हो, 'तुम यहां क्यों बैठी हो?', 'तुम खुद को डांसर कैसे कह सकती हो?' खासकर इसलिए क्योंकि मैं दो फिट और गुड लुकिंग पुरुषों के बीच बैठती थी। मेरे हिसाब से मैं फिट थी, लेकिन हर किसी का नजरिया अलग होता है।'

# खेती का फर्स्ट लुक जारी, डर और सस्पेंस से भरी दिखी पहली झलक

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'खेती' का फर्स्ट लुक मेकर्स ने जारी कर दिया है। फिल्म हॉरर स्टोरी पर बेस्ड है। पोस्टर से फिल्म काफी सस्पेंसफुल और डरावनी नजर आ रही है। इसके साथ ही यह किसी गांव की पृष्टभूमि पर आधिरित कहानी लग रही है। फिल्म खेती अपने पोस्टर से ही काफी डर पैदा करती है। पोस्टर में चारों तरफ खेत हैं। इन्हीं के बीच में एक चेहरा दिखाई दे रहा है। जो स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देता कि किसका है। मगर एक डार्क वाइब क्रिएट करता है। फिल्म खेती में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री नेहा सरगम भी इस फिल्म से बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। इसके अलावा वीरेंद्र सक्सेना, शाजी चौधरी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। फिल्म खेती के पहले



जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का फैंस को इंतजार है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी।

# हसरत ने हिंदू प्रेमिका की शादी वाले दिन लिखा था 'दिल के झरोखे में' गाना...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज लिरिसिस्ट कुछ ऐसे गाने लिख गए जिन पर आज भी चर्चा होती है। ऐसा ही एक गाना है हसरत जयपुरी का लिखा गाना दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। यह गाना शम्मी कपूर पर फिल्माया गया है। वह शूट के वक्त मुश्किल से अपने आंसू रोक पाए थे। कम लोग जानते हैं कि हसरत जयपुरी ने जिस दिन यह गाना लिखा था, उनकी प्रेमिका की शादी थी। वह जिसे पसंद करते थे वह हिंदू थी। धर्म की वजह से दोनों नहीं मिल सके और उसकी डोली उठी तो हसरत ने उसकी यादों को दुल्हन बनाकर दिल के पास रखने का फैसला लिया।



### जब शम्मी कपूर नहीं रोक पाए अपने आंसू

इस गाने की शूटिंग से जुड़ा किस्सा भी इंट्रेस्टिंग है। इंडियन आइडल के एपिसोड में मनोज मुंतशिर ने बताया था कि गाना गाने के लिए शम्मी कपूर ने पहले मना कर दिया था। उन्होंने जब गाना सुना तो इस सिचुएशन को विजुअलाइज किया। वह इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए और उनके आंसू आने लगे। उन्होंने गाना सुनकर मना कर दिया और बोले, प्लीज इसे बदल दो। दरअस,ल इस सीन में उनको रोना नहीं था। शम्मी को लग रहा था कि सीन में घुस गए तो आंसू रोकना मुश्किल हो जाएगा।

### लड़कपन में लिखा था गाना

हसरत जयपुरी ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन गाने दिए। वह छोटी उम्र से ही गीत लिखने लगे थे। जब बड़े हुए तो कच्ची उम्र के प्यार के दौरान लिखे गए गाने उन्होंने फिल्मों में दे दिए। ऐसा ही एक गाना था दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। हसरत जयपुरी को उनके पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्यार था। उस जमाने का प्यार बस आंखों-आंखों में और लव-लेटर वाला होता था। हसरत राधा के लिए लव-लेटर और गाने लिखते, लेकिन दे नहीं पाते थे। इसी डर में उन्होंने लिख डाला था, ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज ना होना।

### धर्म की वजह से नहीं बनी बात

दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। लेकिन धर्म अलग था तो राहें अलग होनी ही थीं। एक दिन आया जब राधा की शादी हो गई। हसरत को कुछ कर नहीं सकते थे, लेकिन अपने दर्द को उन्होंने गाने का रूप दिया। उन्होंने लिखा, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, यादों को तेरी मैं दुल्हन बनाकर, रखूंगा मैं दिल के पास, मत हो मेरी जां उदास...शम्मी कपूर की फिल्म ब्रह्मचारी की सिचुएशन पर यह गाना फिट बैठ गया। हसरत ने यह गाना दिया।

## मनोरंजन का लगेगा मेला, वीकेंड में लोगों की दूर होगी बोरियत

# आज ओटीटी और थिएटर्स में आएंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। हर शुक्रवार सिने प्रेमियों के लिए बेहद स्पेशल होता है। फ्राइडे टू फ्राइडे न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों और सीरीज का भूचाल आता है, बल्कि सिनेमाघर भी नई-नई मूवीज के साथ जगमगा उठते हैं। तो चलिए देर किस बात की है, फटाफट से देख लेते हैं मई के चौथे शुक्रवार की रिलीज की पूरी लिस्ट, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी में आपको घर से बाहर न निकलना पड़े और वीकेंड पर आपकी बोरियत भी दूर हो जाए।*



**सिस्टम** : सिस्टम एक कोर्टरूम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा और नेहा राजवंश मुख्य भूमिका में हैं, जो सरकारी वकील बने हैं। 10 हाई प्रोफाइल मामलों को जीतने और अपने पापा की लॉ फर्म को सिक्योर करने के लिए वह सारिका रावत (ज्योतिका) के साथ एक अलाइंस बनाते हैं। साथ मिलकर किसी तरह वह सिस्टम में रहकर अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, कहानी इस बारे में हैं। रिलीज डेट- 22 मई, टफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

**मधुविधू** : मलयालम भाषा में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अमुथाराज की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बैचलर है और एक अव्यवस्थित मेल हाउस में रहता है। उसकी दुनिया तब घूमती है, जब उसे स्नेहा नाम की लड़की से मोहब्बत हो जाती है। वह इंटरफेथ मैरिज को लेकर आने वाली मुश्किलों को तो पार कर लेते हैं, लेकिन फिर उन्हें पुरुषों से भरे हाउस में आगे की जिंदगी जीने में परेशानी आती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

**वॉरंट** : वॉरंट एक छोटे से कस्बे के कांस्टेबल कोट्टई करप्पुसामी की कहानी है। कोट्टई को उसके घर के बड़ों ने हमेशा बुली किया और साथ ही उसका अपमान किया। कई सालों तक यह दर्द झेलने के बाद वह एक क्रूर अपराधी में बदल जाता है, जिसका अंत बेहद दर्दनाक होता है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

**चांद मेरा दिल** : अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की जोड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस रोमांटिक ड्रामा कहानी में दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की कॉलेज की जर्नी से लेकर एडल्टहुड तक के खूबसूरत सफर को दिखाया गया है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

**स्टार वॉर्सः द मंडलोरियन एंड ग्रोगु** : जॉन फेवरोऊ के निर्देशन में बनी स्टार वॉर्सः द मंडलोरियन एंड ग्रोगु को स्पेशल तौर पर आईमैक्स के लिए तैयार किया गया है। यह डिज्नी की लोकप्रिय सीरीज की कहानी को आगे बढाती है, जिसमें बाउंटी हंटर डिन जारिन और उसका छोटा सा साथी ग्रोगु एक खतरनाक मिशन पर निकलते हैं। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- वॉर ड्रामा।

***लेडीज फर्स्ट*** *: महिलाओं के बीच लोकप्रिय डेमियन की जिंदगी तब पूरी तरह से उथल-पुथल होती है, जब वह दूसरी दुनिया में जाकर वह खुद को एक महिला के साथ पाता है, जो उसे डोमिनेट करती है। नियमों के बदलाव के साथ डेमियन को अपनी सख्त बॉस, एलेक्स फॉक्स का सामना करना पड़ता है, जो दूसरी दुनिया में उसके अंडर में काम करने वाली एम्पलॉय है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- डार्क कॉमेडी ड्रामा।*

***गैबी डॉलहाउसः द मूवी*** *: इन गैबी डॉलहाउसः द मूवी की कहानी ग्रैंडमा गीगी और गैबी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कैट फ्रांसिस्को के लिए ट्रेवल करते हैं। यात्रा के दौरान गैबी की मैजिकल डॉल खिसककर कहीं दूर चली जाती है और उसे एक व्यवसायी बिल्ली खरीद लेती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एनिमेटेड म्यूजिकल फैंटेसी कॉमेडी।*

***स्कायमेड सीजन 4*** *: स्कायमेड के नए सीजन में कहानी उत्तरी कनाडा के मुख्य इलाके में तैनात एक एयर एम्बुलेंस क्रू की कहानी इस सीजन में आगे बढ़ेगी, जहां वह कॉर्पोरेट के उन बॉस के खिलाफ लड़ते हैं, जो पेशेंट से ज्यादा प्रॉफिट को वैल्यू करते हैं। रिलीज डेट-22 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- मेडिकल ड्रामा।*

